दैनिक जागरण (Dainik Jagran)

दिनाँक (Dated): 13.11.2024 | पृष्ठ सं० (Page No). IV | क्रम सं०(Serial No.) 10

सीआइएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी

राजपथ पर महिला पुलिस बल की टुकड़ी परेड करती हुई ● जागरण आर्काइव

जागरण संवाददाता, नई दिल्ली : राष्ट्रीय सुरक्षा में महिलाओं की भूमिका बढ़ाने के उद्देश्य से गृह मंत्रालय ने सीआइएसएफ की पहली महिला बटालियन की स्थापना को मंजूरी दे दी है।

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक दीपक वर्मा ने बताया कि सीआइएसएफ उन महिलाओं के लिए एक पसंदीदा विकल्प रहा है, जो वर्तमान में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल में राष्ट्र की सेवा करना चाहती हैं। सीआइएसएफ में महिला बल कर्मियों की संख्या सात प्रतिशत से अधिक है। महिला बटालियन के गठन से देश भर की महत्वाकांक्षी युवा महिलाओं को सीआइएसएफ में शामिल होने और राष्ट्र की सेवा करने के लिए और प्रोत्साहन मिलेगा। इससे सीआइएसएफ में महिलाओं को एक नई पहचान मिलेगी। सीआइएसएफ मुख्यालय ने नई बटालियन के लिए शीघ्र भर्ती, प्रशिक्षण और मुख्यालय के स्थान के चयन के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। प्रशिक्षण को विशेष रूप से डिजाइन किया जा रहा है, जिससे एक विशिष्ट बटालियन बनाई जा सके और बल की महिलाएं को वीआइपी सुरक्षा में कमांडो के रूप में, हवाई अड्डों की सुरक्षा, दिल्ली मेट्रो रेल सुरक्षा जैसे विविध कर्तव्य स्थलों पर सुरक्षा सेवा प्रदान करने के लिए सक्षम बनाया जा सके।